Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-07-2006

Participants : Kumar Shri Shailendra

an>

Title : Problems being faced by the Anganwadi Workers in the country.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि पूरे देश में सात लाख आंगन वाड़ी केन्द्र हैं, जिनमें 14 लाख कार्यकर्ता काम करते हैं। उनसे एक दिन में सात घण्टे काम लिया जाता है। उनकी बहुत दिनों से डिमान्ड है कि समेकित बाल विकास योजना को एक विभाग का दर्जा दिया जाए। वहां की कार्यकत्री को ग्रेड-3 व सहायिका को ग्रेड-4 का दर्जा दिया जाए। ग्रेड न दिया जाए तो न्यूनतम वेतन दिया जाए। कार्यकत्री का मानदेय एक हजार रूपये से बढ़ाकर तीन हजार रूपये किया जाए। सहायिका का मानदेय पांच सौ रूपये से बढ़ाकर दो हजार रूपये किया जाए। इसके अलावा इनके लिए ईपीएफ और ईएसआई योजना लाकर पेंशन की भी व्यवस्था की जाए। चूंकि ये प्रदेशों में भी दिन के सात घण्टे काम करते हैं। जहां तक पोाण, स्वास्थ्य, शिक्षा, छोटी बचत और कहीं-कहीं प्रदेशों में दहेज और बाल विवाह के उन्मूलन का भी काम करते cé[c49]। इसलिए इन बातों को ध्यान में रखकर सरकार इस पर ध्यान दे और समुचित कार्रवाई करे।